

मेरा फरीदाबाद

फरीदाबाद, शनिवार, 19 अक्टूबर 2024

www.nationalpraharinews.com

नेशनल प्रहरी दैनिक


# जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान



**नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह**

**बल्लबगढ़, 18 अक्तूबर।** हरियाणा स्टेट साइंस इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन आज 18 अक्टूबर 2024 को किया गया। समस्त फरीदाबाद जिले के सभी कॉलेजों के विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए इस तरह के आयोजन प्रतिवर्ष किए जाते हैं। एक महाविद्यालय से अधिकतम तीन स्नातक विद्यार्थी ही भाग ले सकते थे। इस अवसर पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा तथा अग्रवाल महाविद्यालय के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता के निर्देशन तथा प्राचार्य डॉक्टर संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की ओर से बीएससी प्रथम वर्ष नॉन मेडिकल की छात्रा दिशा नैंसी तथा छात्र रितिक ने सहभागिता की। बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा दिशा को जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तथा 500 की प्रोत्साहन राशि भी गई।

अग्रवाल महाविद्यालय की ही प्रथम वर्ष की छात्रा नैंसी को कंसोलेशन प्राइज मिला तथा 100 का नगद पुरस्कार भी दिया गया। इस प्रतियोगिता में से कुल 10 विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चिन्हित किया गया। 10 विद्यार्थियों में अग्रवाल महाविद्यालय की दिशा और नैंसी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हुआ जिसका आयोजन प्रतिवर्ष जनवरी माह में किया जाता है।

गुरुग्राम
शनिवार
19 अक्टूबर, 2024
वर्ष 12, अंक 290
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com

03 सफल महिला उद्यमियों की कहानी पेश कर रहा है सरस मेला

# जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**ह्यूमन इंडिया/मनोज तोमर**

**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय, फरीदाबाद तथा हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी, हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन प्राचार्य डॉ सी. एस. वशिष्ठ के संरक्षण तथा दिशा निर्देशन में किया गया। गौरतलब है कि एचएससीएसआईटी के सौजन्य से छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए हर वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। आयोजन में फरीदाबाद जिले के 5 महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा और विचारों को निबंध रूप दिया। निबंध के विषय वर्तमान जीवन में उपयोगी मुद्दों जैसे कि, स्थाई कृषि महत्वपूर्ण क्यों है?, प्राचीन भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, साइबर अपराध और इसकी रोकथाम, नवीकरणीय ऊर्जा: आधुनिक दुनिया के लिए क्यों महत्वपूर्ण है?, दूध उत्पादन बढ़ाने का विज्ञान आदि रहे। प्रतियोगिता का संचालन, नोडल अधिकारी डॉ अंकिता, आयोजन सचिव डॉ पारुल जैन, डॉ प्रियंका पराशर एवं श्री अमित अरोड़ा द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका अदा करते हुए डॉ तरुण अरोड़ा (रिटायर्ड असो0 प्रो0, जीव-जंतु विज्ञान, रा0 म0, फरीदाबाद), डॉ सीताराम (असि0 प्रो0, रसायन शास्त्र, वाईएमसीए यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद) तथा डॉ जगजीत सिंह (असि0 प्रो0, भौतिकी विभाग, रा0 म0, तिगांव) ने विभिन्न स्तरों पर जैसे की विषय की प्रासंगिकता, सृजनात्मकता, तथ्यों की सटीकता, विचारों की स्पष्टता, वाक्य संरचना, वर्तनी की शुद्धता, सामाजिक व नैतिक संदेश तथा निबंध की प्रभावशाली प्रस्तुति पर आंकलन करते हुए यश कालरा-बी.एससी तृतीय, रा0 म0 फरीदाबाद, दिशा शर्मा-बी.एससी द्वद्व, अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ और श्रुति शर्मा - बी.सीए द्वितीय, रा0 म0 गर्ल्स, बल्लभगढ़ को क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर घोषित किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशसति पत्र एवं विजेताओं को नक़द पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

वर्ष-13, अंक-290 शनिवार 19 अक्टूबर, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

# विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**• अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर।**

**बल्लभगढ़, 18 अक्टूबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** हरियाणा स्टेट साइंस इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समस्त फरीदाबाद जिले के सभी कॉलेजों के विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए इस तरह के आयोजन प्रतिवर्ष किए जाते हैं। एक महाविद्यालय से अधिकतम तीन स्नातक विद्यार्थी ही भाग ले सकते थे। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा तथा अग्रवाल महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता जी के निर्देशन तथा प्राचार्य डॉक्टर संजीव गुप्ता इस प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की ओर से बीएससी प्रथम वर्ष नॉन मेडिकल की छात्रा दिशा नैंसी तथा छात्र रितिक ने सहभागिता की। बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा दिशा को जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तथा 500 की प्रोत्साहन राशि भी गई। अग्रवाल महाविद्यालय की ही प्रथम वर्ष की छात्रा नैंसी को कंसोलेशन प्राइज मिला तथा 100 का नगद पुरस्कार भी दिया गया। इस प्रतियोगिता में से कुल 10 विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चिन्हित किया गया। 10 विद्यार्थियों में अग्रवाल महाविद्यालय की दिशा और नैंसी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हुआ जिसका आयोजन प्रतिवर्ष जनवरी माह में किया जाता है।

जनतंत्र टुडे




EDUCATION-एजुकेशन हरियाणा-NCR

# जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालयकी छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

फरीदाबाद, जनतंत्र टुडे / हरियाणा स्टेट साइंस इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समस्त फरीदाबाद जिले के सभी कॉलेजों के विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए इस तरह के आयोजन प्रतिवर्ष किए जाते हैं। एक महाविद्यालय से अधिकतम तीन स्नातक विद्यार्थी ही भाग ले सकते थे।

अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा तथा अग्रवाल महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता जी के निर्देशन तथा प्राचार्य डॉक्टर संजीव गुप्ता जी के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की ओर से बीएससी प्रथम वर्ष नॉन मेडिकल की छात्रा दिशा नैंसी तथा छात्र रितिक ने
सहभागिता की। बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा दिशा को जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तथा 500 की प्रोत्साहन राशि भी गई।

अग्रवाल महाविद्यालय की ही प्रथम वर्ष की छात्रा नैंसी को कंसोलेशन प्राइज मिला तथा 100 का नगद पुरस्कार भी दिया गया। इस प्रतियोगिता में से कुल 10 विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चिन्हित किया गया। 10 विद्यार्थियों में अग्रवाल महाविद्यालय की दिशा और नैंसी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हुआ जिसका आयोजन प्रतिवर्ष जनवरी माह में किया जाता है।

हिन्दुस्तान

शनिवार, 19 अक्तूबर 2024

02

www.livehindustan.com


**शहर 30s**



फरीदाबाद के सेक्टर–16ए स्थित नेहरू कॉलेज में शुक्रवार को जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया।

# निबंध लेखन में यश कालरा प्रथम रहे

फरीदाबाद। राजकीय महाविद्यालय और हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र यश कालरा ने पहला, अग्रवाल कॉलेज की बीएससी प्रथम वर्ष की दिशा शर्मा द्वितीय और राजकीय कन्या महाविद्यालय बल्लभगढ़ में बीएससी द्वितीय की छात्रा श्रुति शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


2 नवभारत टाइम्स, फरीदाबाद, शनिवार, 19 अक्टूबर 2024


# प्रतियोगिता के लिए चुनी गईं छात्राएं

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : हरियाणा स्टेट साइंस इनोवेशन एंड टेक्नॉलजी विभाग की तरफ से जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सेक्टर-16ए स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू कॉलेज में आयोजित इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद के अलग-अलग कॉलेजों के छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में एक कॉलेज के अधिकतम तीन छात्र हिस्सा ले सकते हैं। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की तरफ से छात्रा दिशा व नैंसी के साथ छात्र रितिक ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रिंसिपल डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि छात्रा दिशा ने जिलास्तरीय इस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान पाया। वहीं, नैंसी को कैंसलेशन प्राइज दिया गया। उन्होंने बताया कि कुल 10 छात्रों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुनाव हुआ है, जिसमें अग्रवाल कॉलेज की छात्रा दिशा व नैंसी भी शामिल हैं। उन्होंने दोनों छात्राओं को इसके लिए बधाई दी।

# ट्रैफिक नियमों के बारे में किया जागरूक



■ **एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़** : बल्लभगढ़ शहर के आंबेडकर चौक स्थित अग्रवाल कॉलेज ऑफ लॉ वुमेन की छात्राओं ने शुक्रवार को ट्रैफिक संबंधित जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का आयोजन कॉलेज के प्रेसिडेंट देवेंद्र कुमार गुप्ता और महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रैफिक पुलिस के सब-इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह (ट्रैफिक ताऊ) व कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीरू गुप्ता ने स्टूडेंट को ट्रैफिक कानून व नियमों के बारे में जागरूक किया। इसके बाद स्टूडेंट ने आंबेडकर चौक पर आम जनता को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सुरक्षा संबंधी बातों को समझाया। इस काम में अन्य पुलिसकर्मियों के साथ सहायक प्रवक्ता गौरव गुप्ता ने भी छात्रों की मदद की।